# पंचम राज्य वित्त, 15वां वित्त तथा अनय बजट का प्रस्ताव सर्वसम्मति से अनुमोदित

### –अध्यक्ष जिला पंचायत की अध्यक्षता में आयोजित हुई बोर्ड की बैठक

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : जिला पंचायत के बोर्ड की बैठक शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंचम राज्य वित्त, 15वां वित्त तथा अन्य बजट के अनुमोदन के लिए सदन के समक्ष रखा गया, जिसे सभी सदस्यों की सर्वसम्मति मिलने के बाद अनुमोदित किया गया।
बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री चौधरी ने कहा कि हम सभी सदस्यों को मिलकर जनपद में विकास की रफ्तार को बनाए रखना है। सदस्यों को आश्वस्त किया कि उनके क्षेत्र से जुड़ी जो भी समस्या संज्ञान में आएगी उसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण किया जाएगा। अधिकारियों से भी कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते सदस्यों की हर सकारात्मक बात को प्राथमिकता पर सुना जाए। मुख्य रूप से योजना वित्तीय वर्ष 2022-23, जिला पंचायत बलिया का मूल बजट वर्ष 2023-24 का 64 करोड़ तथा संशोधित



बजट 2022-23 का 122 करोड़ का अनुमोदन सर्वसम्मति से हुआ। बैठक में विधायक फेफना संग्राम सिंह यादव, विधायक सिकंदरपुर जियाउद्दीन रिजवी, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयंत कुमार, जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी अशोक सिंह के अलावा बोर्ड के सदस्य मौजूद थे।

# प्रभारी मंत्री ने गिनाई प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियां

### मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण भी –जनपद के विकास पुस्तिका का किया गया विमोचन

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों को सबसे साझा किया। इस अवसर पर लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम और प्रेस वार्ता का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। इस अवसर पर पिछले एक वर्ष की उपलब्धियों को विधानसभावार दशार्ती हुई जनपद की विकास पुस्तिका का विमोचन प्रभारी मंत्री व अन्य अतिथियों ने किया।
प्रेस वार्ता के दौरान प्रभारी मंत्री ने जिले में हुए एक वर्ष के विकास कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। बताया कि अवस्थापना सुविधा के अंतर्गत 78.20 करोड़ व्यय कर कुल 18 परियोजनाओं को पूर्ण कराया गया है। 793.10 करोड़ की कुल 19 परियोजनाएं, जिनमें विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि बुनियादी व्यवस्था सम्मिलित है। प्रभारी मंत्री ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र के अंतर्गत 12772 अनुसूचित वर्ग, 3179 सामान्य वर्ग तथा 17963 पिछड़े वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत धनराशि वितरित की गई। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के 712 पुत्रियों की शादी कराई गई। बाल विकास एवं पुष्टाहार के अंतर्गत अनुपूरक पुष्टाहार/ड्राई राशन योजना अंतर्गत 6 माह से 3 वर्ष के 121620 बच्चे, 3 वर्ष से 6 वर्ष के 102023 बच्चे, गर्भवती एवं धात्री की 45967 महिलाएं तथा अति कुपोषित मामलों के 7630 बच्चों को लाभान्वित किया गया। ग्राम विकास के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत 21994 आवासों की स्वीकृति जारी की गई। जिनमें 11118 आवासों पर प्रथम किस्त अवमुक्त किया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत 47.87 लाख मानव दिवस का सृजन किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 3970 समूह का गठन किया गया। जिनमें 43670 परिवार अच्छादित हुए हैं। पंचायती राज के अंतर्गत जनपद के कुल 940 ग्राम पंचायतों में पंचायत विहीन 452 के सापेक्ष 312



ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। श्रम विभाग के अंतर्गत विधानसभा रसड़ा अंतर्गत मातृत्व शिशु, बालिका मदद योजना, कन्या विवाह सहायता योजना, मृत्यु एवं विकलांगता सहायता योजना अंतर्गत कुल 233 लाभार्थियों को 1.26 करोड़ की सहायता प्रदान की गई। बांस-डीह के अंतर्गत 1.78 करोड़ ,सदर बलिया के अंतर्गत 4211550 ,सिकंदरपुर के अंतर्गत 96.50 बैरिया के अंतर्गत 80.15, फेफना के अंतर्गत 95.10 लाख तथा बेल्थरा रोड के अंतर्गत 10.37 करोड़ की सहायता प्रदान की गई। खादी ग्राम उद्योग विभाग के अंतर्गत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 55 इकाइयों को वित्त पोषित करते हुए 708.96 का वितरण कराया गया। सौर ऊर्जा विभाग के अंतर्गत फेफना के अंतर्गत 66, बलिया सदर 121, बांसडीह 36, बैरिया 62 ,रसड़ा 37, सिकंदरपुर 50, बेल्थरा रोड 38 फुल 410 नए सोलर स्ट्रीट लाइट के स्थापना का कार्य पूर्ण कराया गया।
कृषि सेक्टर में पारदर्शी किसान सेवा योजना डीबीटी के अंतर्गत कृषि निवेश, बीज, कृषि यंत्र ,फसल सुरक्षा रसायन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, सोलर पंप आदि योजनाओं में 2932 किसानों के खातों में 150.9 करोड़ सीधे किसको कि खाते में ट्रांसफर किए गए। नियोजन विभाग ने मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा जनपद में 7424.76 लाख की लागत से निर्मित कुल 46 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में डायलिसिस के 10 मशीनें थी जो बढ़ाकर 16 कर दी गई हैं। मानसिक रोगियों के परामर्श एवं उपचार हेतु मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। कुपोषित बच्चों के समुचित देखभाल एवं उपचार हेतु 10 बेड का पोषण पुनर्वास केंद्र स्थापित है। 64376 गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण कर उनको प्रसव पूर्व सेवा उपलब्ध कराई जा रही है। 67289 बच्चों का टीकाकरण हुआ है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत 94874 महिलाओं को 38.17 करोड़ का भुगतान किया गया है। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत 23956 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है । 204 उपकेंद्र पर सीएचओ की तैनाती कर हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के रूप में क्रियाशील है। जिला महिला चिकित्सालय में नवजात बीमार शिशु के समुचित उपचार हेतु एसएनसीयू क्रियाशील है। मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 294252 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। टीवी के 3026 मरीज चिन्हित किए गए हैं जिनका उपचार चल रहा है। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 497096 लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन कराया गया। बैठक में जिला अधिकारी रविंद्र कुमार, पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर, मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा के अतिरिक्त सभी पत्रकार गण उपस्थित थे।

## रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**रितेश तिवारी, समाज जागरण**

सहतवार ( बलिया ) : थाना क्षेत्र के बांसडीह रोड रेलवे स्टेशन के फाटक के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की जद में आने से एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
बता दें कि स्थानीय थाना क्षेत्र के बांसडीह रोड रेलवे फाटक के समीप रेलवे लाइन पार करते समय डाउन सद्भावना एक्सप्रेस से एक अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई ।आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। जिसमें मृतक के पास से आधार कार्ड से पहचान हुई। मृतक मनियर थाना के देवरार गांव निवासी किसान अजीत कुमार सिंह 51 वर्ष के रूप में चिन्हित हुआ। घटना को सुनकर परिवार वालों को रो रो कर बुरा हाल रहा। मृतक के तीन लड़की और एक लड़का है। मृतक का एक लड़का रण विजय कुमार सिंह 28 , जुली देवी 32, डिंपल सिंह 30, अमीषा सिंह 25 है। मृतक की दो लड़कियों की शादी हो चुकी है इस घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ दौड़ गई है।

## अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटने से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) : क्षेत्र के खड़ीचा गांव के समीप साइकिल के अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट जाने से सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।



शनिवार को दोपहर में खड़ीचा निवासी मनोरंजन प्रजापति किसी कार्य हेतु साइकिल से गड़वार गया था। अपना कार्य करके वह अपने गांव वापस लौट रहा था कि खडीचा गांव के समीप साइकिल अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा घायल युवक को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गड़वार ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## राष्ट्रीय सेवायोजना के चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : राष्ट्रीय सेवा योजना श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलिया के चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में



शनिवार को किया गया। स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओ ने हाथ में फ-ावड़ा, झाडू एवं टोकरी लेकर कृषि विज्ञान संकाय एवं प्राचार्य कक्ष के सामने मैदान की सफाई किया एवं संपूर्ण परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार सिंह, डॉक्टर शिव नारायण यादव एवम डॉ कौशल कुमार पांडेय एवं अमित सिन्हा इत्यादि उपस्थित रहे।

# विश्व क्षय रोग दिवस पर रेडक्रास सोसायटी ने लिया 169 मरीजों को गोद

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : विश्व क्षय रोग दिवस पर राज्यपाल/ अध्यक्ष इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल एवं उप मुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री/उपाध्यक्ष इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी उत्तर प्रदेश बृजेश पाठक के आह्वान पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में श-ुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी / उपाध्यक्ष इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया डॉ जयंत कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ दिवाकर सिंह की उपस्थिति में जिला क्षय रोग अधिकारी/ सचिव इण्डियन रेड क्रॉस सोसायटी बलिया डॉ० आनन्द कुमार के द्वारा गोष्ठी एवं मरीजों के गोदनामा तथा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के सभी सरकारी तथा गैर सरकारी अस्पतालों के डाक्टरों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिसमें प्रमुख रूप से डॉ केजरीवाल, डॉ अजीत सिंह, डॉ ददन राय, डॉ विरेन्द्र कुमार गुप्ता आदि रहे। इस मौके पर वर्ष 2025 तक टीबी रोग को देश से खत्म करने का संकल्प भी दोहराया गया।
इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ड़ॉ० जयन्त कुमार ने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। जनपद में टीबी के मरीजों का बेहतर इलाज सरकारी चिकित्सालय में किया जा रहा है। सबसे खास यह है कि मरीज को अपना सम्पूर्ण इलाज कराना होगा यदि एक भी दिन वह दवा खाने से चूकता है तो यह उसके लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। उन्होंने रेड क्रॉस सोसायटी बलिया की सराहना करते हुए कहा कि रेड क्रॉस जनपद में निरंतर ही अच्छा कार्य कर रही है, इसी क्रम में आज रेड क्रॉस द्वारा 169 मरीजों को गोद लिया गया है, एवं उन्हें पोषण पोटली दी गई है। पूर्व में भी रेड क्रॉस द्वारा 274 मरीजों को गोद लिया गया था, जो इस समय पूर्ण रूप से स्वस्थ हो गये हैं। इसके लिए उन्होंने रेड क्रॉस टीम बलिया को बधाई दी।
जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ०आनन्द कुमार ने कहा कि दो हफ्ते से खांसी और बुखार आना टीबी रोग का प्रमुख लक्षण हैं` इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। वहीं



जिन्हे दो हफ्ते से अधिक खांसी आ रही हो या खाँसने पर बलगम के साथ खून आ रहा हो तो उन्हें तत्काल जिला टीबी चिकित्सालय में अपने बलगम की जाँच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि समय से रोग का पता चल जाने से टीबी को ठीक किया जा सकता है। इस दौरान बताया गया कि यदि कोई मरीज किसी वजह से बाहर जाता है तो सम्बन्धित चिकित्सालय से कार्ड लेकर रेफर बनवा लें ताकि कहीं भी जाने पर उसे दवाएं उपलब्ध हो सकें। मरीजों का खानपान अच्छा रखने के लिये उनके खाते में निश्चय पोषण योजना के तहत 500 रुपए की धनराशि भी प्रतिमाह दी जा रही है। डॉ० आनंद कुमार ने बताया कि जिले में करीब 3071टीबी मरीज पंजीकृत हैं। आज रेड क्रॉस सोसायटी बलिया द्वारा 169 मरीजों को गोद लिया गया एवं उन्हें पोषण पोटली (भुना चना, मूंगफली, गुड़, सत्तू,राजमा, सोयाबीन, प्रोटीन पाउ-डर) दिया गया।इसमें 100 मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट (एमड-ीआर) के मरीज हैं। जिले में अभी 35 डीएमसी, दो सीबी नाट लैब और दो ट्रू नाट लैब है। इस अवसर पर जिला समन्वयक शैलेंद्र पाण्डेय, उप सभापति विजय कुमार शर्मा, डॉ पंकज ओझा, रविशंकर तिवारी, रणधीर सिंह, सरदार सुरेन्द्र सिंह खालसा, नंदनी सिंह, हृदयमोहन, यादवेन्द्र दत्त मिश्र सरदार जितेन्द्र सिंह, आशीष, विवेक, संजीत सिन्हा, अवनीश चतुवेर्दी एवं राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

# आमंत्रण भारत ट्रॉफी नेशनल कराटे चैंपियनशिप में बलिया को मिले कुल 26 पदक

### जिले के होनहारों को मिले आठ गोल्ड, चार सिल्वर और 14 ब्रांज मेडल

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : सिकोकाई इंटरनेशनल कराटे फेडरेशन ऑफ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आमंत्रण भारत राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन वाराणसी जनपद के संत अतुलानन्द कान्वेंट स्कूल कोइराजपुर में 24 मार्च से लेकर 25 मार्च 2023 तक किया गया था। इस प्रतियोगिता में जिले से कुल 31 खिलाड़ियों ने सहभाग किया था। जनपद के होनहार कराटे खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक सहित कुल 26 पदक जिले के लिए अर्जित किए।
सनबीम स्कूल अगरसंडा बलिया, द होराइजन स्कूल गड़वार बलिया, सेक्रेड हार्ट स्कूल सहरसपाली बलिया तथा बलिया कराटे अकेडमी से 31 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया तथा अपने आयु व भर वर्ग में 10-12 वर्ष में उत्कर्ष पाठक, अस्मित पटेल सूर्यांश तिवारी, रितु राज सिंह, पलक गुप्ता, विश्वदीप जायसवाल, वैभव गुप्ता, तथा 13 वर्ष में हनी सोनी ने स्वर्ण पदक जीता। वही रजत पदक जितने वालों में आर्यन सिंह लक्ष्य दीप, साहिल, सुदीप अधिकारी, आयुष प्रसाद,कों मिला काँस्य पदक जितने वालों में सुधांशु, हर्षिता राय, अवनीश पाठक, अमृत प्रभात रंजन, रामकृष्ण सिंह दिव्य मनी, जिज्ञासा सिंह, सक्षम सिंह अर्थ कुशवाहा प्रियम सिंह, सृष्टि गुप्ता, आर्यन राज, हर्ष वर्धन, आयुष सिंह ने जीता। ये खिलाड़ी द स्पोर्ट्स



शोतोकान कराटे एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले प्रतिभाग किये थे। इस प्रतियोगिता में आठ गोल्ड चार सिल्वर 14 ब्रांज कुल मेडल 26 जीत कर अपने प्रदेश व बलिया का नाम किया। बलिया शोतोकान कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद सराफ. कराटे एसोसिएशन बलिया के अध्यक्ष डॉ0 अरुण सिंह गामा, धर्मेन्द्र पटेल, अभिषेक सिंह गिलू, धीरज गुप्ता, आदि ने इन खिला-ड़ियों कों बलिया रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों कों मिठाई खिलाकर उनका जोरदार स्वागत किया। इस टीम के कोच कमल यादव, मैनेजर सुमित पाठक हैं। प्रदेश एसोसिएशन के सचिव सेंसई एल बी रावत ने भी उपलब्धि गिनाई।

## समाधान दिवस में प्रस्तुत तीन मामलों में एक का मौके पर निस्तारण

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**

गड़वार (बलिया) :थाना प्रांगण में शनिवार को थाना प्रभारी इंस्पेक्टर आरके सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।
इस दौरान दो राजस्व व एक पुलिस सहित कुल तीन मामलों के निस्तारण के फरियादियों ने प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें से पुलिस सम्बंधित एक मामले का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष दो राजस्व सम्बन्धी मामलों के निस्तारण के लिए मौके पर पुलिस व राजस्व



विभाग की संयुक्त रूप से टीम भेजी गई। इस अवसर पर कानूनगो व क्षेत्रीय लेखपाल उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक संजय यादव ने बांटा ज्ञान कुंज एकेडमी में कक्षाओं को प्रगति पत्र

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : पूर्वांचल के प्रतिष्ठित



शैक्षिक संस्था ज्ञान कुंज एकेडमी, बंशी बाजार में पूर्व प्राथमिक और प्राथमिक कक्षाओ को प्रगति पत्र दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिकन्दरपुर विधानसभा चुनाव क्षेत्र के पूर्व विधायक संजय यादव रहे।
मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबन्धक डा० देवेन्द्र सिंह ने किया। प्रगति पत्र विवरण कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि के स्वागत, अलंकरण व माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन के साथ हुआ। पूर्व विधायक श्री यादव ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर इस समारोह का विधिवत उदघाटन किया। पूर्व प्राथमिक कक्षाओं की नर्सरी में 99.5 प्रतिशत अंक के साथ ऐश्वर्य राज, 99 प्रतिशत के साथ अयांश राय द्वितीय स्थान पर जबकि 98.33 प्रतिशत के साथ आशी यादव ने तृतीय स्थान पर कब्जा जमाया। एल० के०जी० मे समायरा अंसारी 96.94 प्रतिशत के साथ प्रथम, जान्हवी सिंह 95.47 प्रतिशत के द्वितीय और आर्यन चौहान 94.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। यू० के० जी० कक्षाओं में उमैरा बानो 97.73 प्रतिशत के साथ प्रथम, अवनि पाण्डेय 96.60 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर तथा मेघना वर्मा 95.40 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।
कक्षा दो की प्रगति विवरण के अनुसार सक्षम राय 99.4 प्रतिशत के साथ प्रथम दिव्य प्रकाश राय 96.5 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा अनुराधा यादव



95.9 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार की प्रगति विवरण के अनुसार सुमैला खान 99.8 प्रतिशत के साथ प्रथम अमन वर्मा 99.1 , प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा प्रिंस वर्मा 98.7 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांच की प्रगति विवरण के अनुसार 97.17 प्रतिशत के साथ प्रथम, अंकिता 97.17 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा अंजलि 96.67 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे।

## काठमुक्तेश्वर धाम कठघरा शिव मंदिर का बीडीओ ने किया औचक निरीक्षण

**रजनीश श्रीवास्तव ,समाज जागरण**

सिकन्दरपुर (बलिया) : क्षेत्र के कठघरा गांव में स्थित कठ मुक्तेश्वर धाम शिव मंदिर व आसपास की जगहों का खंड विकास अधिकारी नवानगर देवेंद्र प्रताप वर्मा ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया।
जिसमें मुख्य रुप से मन्दिर परिसर व आसपास के इलाकों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यहा की व्यवस्था बहुत ही अच्छी है फिर भी मै सफाई कर्मचारियो को लगा दिया हूं कोई कमी नही होगी।



आपको बता दें कि पूर्व मंत्री राजधारी सिंह के बड़े पिता स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह उर्फ बीरन सिंह की स्मृति में 26 मार्च 2023 दिन रवि-वार को खुला व्यामशाला हेतु कटघरा शिव मंदिर के प्रांगण में भूमि पूजन सांसद विरेंद्र सिंह मस्त, द्वारा संपन्न होगा। इसी के तहत शनिवार को खंड विकास अधिकारी नें कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान पूर्व मंत्री राजधारी सिंह लेखाकार यशवंत सिंह वीरेंद्र यादव सचिन्द्र नाथ सहित दर्जनों कर्मचारी मौजूद रहे।

## वैदिक मंत्रों के साथ रामगढ़ में चल रहा दुर्गा सप्तशती पाठ

**अमित सिंह, समाज जागरण**

रामगढ़ (बलिया ) : जिले के प्रख्यात विद्वान आचार्य व विद्वान पंडितो के द्वारा वैदिक मन्त्रों के साथ रामगढ़ में दुर्गा सप्तशती चंडी पाठ हो रहा है।
नौ रात्रि के पावन पर्व पर रामगढ़ के एल बी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्थित काली मंदिर पर डाक्ट राधे श्याम पांडे के नेतृत्व में आचार्य पंडित संजय शास्त्री के साथ अनेक विद्वान पंडितो के द्वारा वैदिक मन्त्रों के साथ आदि शक्ति जगदंबा मां दुर्गा का सत चंडी पाठ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। इस दौरान आचार्य संजय श-ास्त्री ने बताया कि नव रात्रि का पावन पर्व में मां दुर्गा



आदि शक्ति का पूजा अर्चना घर घर में किया जाता है। इसमें दुर्गा सप्तशती का पाठ नौ दिनों में किया जाता हैं। लेकिन सत चंडी पाठ में पूरे सौव पाठ किया जाता है। सत चंडी पाठ कराने से अष्ट सिद्धि व मनोरथ पूर्ण होता हैं। सत चंडी पाठ का ध्यान से सुनने मात्र से पापों का नाश होता है । और मनुष्य का कल्याण हो जाता है। और जहा तक वैदिक मन्त्रों का उच्चारण वायू मंडल में गूंजता है । उससे पूरा वातावरण पवित्र हो जाता है । यहां पर जिले के प्रख्यात विद्वान आचार्य पंडित डा राधे श्याम पांडे के नेतृत्व में आचार्य संजय शास्त्री , रवी पांडे , कन्हैया पांडे , कृष्ण पांडे , अखिलेश उपाध्याय, प्रतीक पांडे , अमित पांडे ,अंकित पांडे , संजय चतुवेर्दी , विजय चतुवेर्दी आदि सहयोगी के साथ यहां सत चंडी पाठ किया जा रहा है। इस दौरान सत चंडी पाठ के आयोजक एल बी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अवनिंद्र ओझा (पप्पू ओझा) , पिंकू ओझा , रिंकू ओझा , रविंद्र ओझा , (मास्टर साहब) रामनाथ ओझा ,अक्षयबर ओझा , तेज नारायण मिश्रा , अनिल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### गांव क खराब इंडिया मार्का 2 हैंडपंप देखने पहुंची भाजपा नेता प्रियंका दुबे

समाज जागरण बलिया : भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता विकासखंड गड़वार के नरायनपाली गांव की निवासी प्रियंका दुबे ने शनिवार को अपने ही गांव के खराब हैंडपंप का हाल देखा। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दो से तीन दिन में हैंडपंप ठीक हो जाएगा।

# 18 महीने से चल रहे अखंड हरिकीर्तन की हुई पूणार्हुति

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : ग्राम सभा डूहा बिहरा में श्री विष्णु महायज्ञ, श्री श्री 108 श्री वासुदेव ब्रह्मचारी जी महाराज की तपोस्थली गायत्री आश्रम में श्री राम भूषण ब्रह्मचारी जी महाराज के संरक्षण में विगत 18 महीने से चल रहे अखंड हरिकीर्तन की पूणार्हुति शनिवार को हुई।
इस अवसर पर आयोजित भव्य समापन समा-रोह के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानाचार्य रवि राय ने संतजनों का आशीर्वाद प्राप्त कर ग्रामवासियों एवं सुदूर क्षेत्रों से आये नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से धर्म जागरण के साथ-साथ लोगों में अपार ऊर्जा का संचार होता है। मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम एवं योगेश्वर श्री कृष्ण का जीवन हमें अपने जीवन में मयार्दा



का पालन करते हुए कर्तव्य पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बलराम सिंह, दुष्यंत सिंह, मंजय राय, सीताराम सिंह, राकेश यादव, अजीत राय, अवधेश यादव, वकील सिंह, चंचल सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# समाज में एकजुटता और शिक्षा से ही समाज का होगा उत्थान : कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा

**जुनेद अहमद,समाज जागरण**

रतसर (बलिया) : समाज में एकजुटता और शिक्षा से ही समाज का उत्थान होगा। आज जरूरत है कि समाज के हर घर के बच्चे शिक्षित हो जिससे परिवार के साथ-साथ विश्वकर्मा समाज का भी उत्थान होगा। उक्त बातें रविवार को विश्वकर्मा समिति के तत्वाधान में स्थानीय कस्बे में स्थित एक मैरिज हाल में होली मिलन समारोह के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री कृष्ण मुरारी विश्वकर्मा ने कही।

उन्होंने बताया कि समाज के लोगों से शिक्षित बनों, संगठित बनों का मंच से आह्वान किया। इसके पूर्व भगवान विश्वकर्मा के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समाज के अलग-अलग दलों के लोग भी मंच पर मौजूद रहें। होली मिलन समारोह में सामाजिक गीतों के साथ-साथ होली के गीतों पर खूब रंग गुलाल उड़े। इस मौके पर



लल्लन शर्मा,सत्येन्द्र शर्मा, हृदया नन्द शर्मा,सियाराम शर्मा,मार्कण्डेय विश्वकर्मा, संजय विश्वकर्मा सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामयश विश्वकर्मा एवं संचालन अरविन्द शर्मा ने किया। वहीं कार्यक्रम में आए हुए आगन्तुकों का आभार कार्यक्रम के संयोजक ओम प्रकाश शर्मा ने किया।

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को सिकंदरपुर पुलिस को एक सफलता मिली।

थाना सिकन्दरपुर के थानाध्यक्ष दिनेश पाठक मय हमराह पुलिस टीम द्वारा माल्दह चट्टी पर सन्दिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की चोरी की मोटरसाईकिल के साथ एक अभियुक्त अर्जुन राजभर उर्फ गोलू पुत्र मूरत राजभर निवासी भरथाँव थाना सिकन्दरपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से



एक अदद नाजायज चाकू भी बरामद हुआ। उक्त के सम्बन्ध में थाना सिकन्दरपुर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त का न्यायालय के सिपुर्द किया गया।

# गांव का खराब इंडिया मार्का 2 हैंडपंप देखने पहुंची भाजपा नेता प्रियंका दुबे

समाज जागरण बलिया : भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता विकासखंड गड़वार के नरायनपाली गांव की निवासी प्रियंका दुबे ने शनिवार को अपने ही गांव के खराब हैंडपंप का हाल देखा। ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि दो से तीन दिन में हैंडपंप ठीक हो जाएगा।

भाजपा नेता सीआरपी जिला कोआर्डिनेटर प्रियंका दुबे से ग्रामीणों ने शिकायत किया किया था कि हैंडपंप खराब होने से पानी की भारी तबाही है। समस्या समाधान के लिए प्रियंका दुबे ने भ्रमण कर हैंडपंप देखा और आश्वस्त किया कि जल्द हैंडपंप ठीक होगा।



# श्रीराम कथा से ही भवसागर पार करना संभव : दुर्गविजय

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

शाहगंज, जौनपुर। श्रीराम कथा भवसागर से तारने वाली है। व्यक्ति अमर होना चाहता है लेकिन अमर होना किस काम का जिसमें आयु तो बहुत है परंतु परेशानियों से घिरा हुआ है। अमृत वही सही है जिसके जीवन में सुख–शांति हो जो भगवान के पावन कथा से ही मिलती है। उक्त विचार दुर्गविजय मिश्र ने स्थानीय नगर के शाहपंजा में स्थित श्रीराम जानकी मंदिर संगत जी में आयोजित कथा के दौरान कही। इस दौरान कथा व्यास ने साक्षात लीला का दर्शन भी कराया, इसलिए भगवान का ध्यान–मनन करना चाहिये। कथा के प्रथम दिवस भगवान की आराधना हुई। चरित मानस में कहा गया कि बड़े भाग्य मानुष तन पावा। उन्होंने कहा कि बड़े भाग्य से यह शरीर हमें मिला है जो किसी भी स्थिति में व्यर्थ नहीं करना चाहिये। इस अवसर पर वरिष्ठ



समाजसेवी अनिल मोदनवाल, भुवनेश्वर मोदनवाल, संदीप कुमार, अशोक कुमार, सुशील सेठ बागी, दीपक मिश्र, सतीश मोदनवाल, आनन्द सेठ, श्रीप्रकाश पाण्डेय, शिवेन्द्र गुप्ता, सत्येर्न्द गुप्ता, चन्दन मोदनवाल, गिरधर अग्रहरि, विजय अग्रहरि, अजयअग्रहरि सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# सरकार के 1 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण।

**माननीय प्रभारी मंत्री जी ने वर्तमान सरकार के 1 वर्ष की उपलब्धियों को मीडिया से किया साझा।**

***विकास कार्यक्रमों की जारी रैंकिंग में जनपद के लगातार प्रथम स्थान पर बने रहने पर जिला प्रशासन की प्रशंसा कर दी बधाइयां।***

आज वर्तमान सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लखनऊ में होने वाले आयोजित कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन करने के उपरांत सरकार की पिछले 6 वर्षों के साथ ही वर्तमान सरकार के 1 वर्ष की उपलब्धियों को साझा किया। लखनऊ में होने वाले इस आयोजन के उपरांत जनपद स्तर पर जनपद के प्रभारी मंत्री माननीय श्री अनिल राजभर जी द्वारा 1 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रकाशित पुस्तिका का विमोचन किया गया।इसके पूर्व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर एक विशेष शॉर्ट वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया।इसके उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा मीडिया के लोगों के साथ प्रेस वार्ता की गई, जिसके दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां को गिनाते हुए जनपद स्तर पर भी पिछले 1 साल में किए गए कार्यों से मीडिया को अवगत कराया।अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु एक सामूहिक प्रयास कर रही है, जिसका प्रभाव साफ नजर आ रहा है। हमारी सरकार ने 2017 एवं 2022 के चुनाव में जो भी वादे किए थे,उसको पूरा कर रही है। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार एवं अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर अग्रसर है, जिसके कारण प्रदेश में बेहतर कानून



व्यवस्था का माहौल बना है और निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। इस कारण ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान 35 लाख करोड़ से भी ज्यादा निवेश के प्रस्ताव मिले हैं। प्रदेश सरकार के बेहतर प्रयासों से राज्य बीमारू राज्यों की छवि से बाहर निकल आया है। अब गांव में भी 18 घंटे बिजली उपलब्ध हो रही है। परिवहन के क्षेत्र में सरकार ने जल, थल एवं हवाई मार्गो में अभूतपूर्व विकास किया है जिससे प्रदेश की लैंड लॉक्ड वाली छवि अब दूर हो गई है। पूरे प्रदेश में एक्सप्रेस वे का जाल बिछाया गया है। बेहतर कानून व्यवस्था के कारण अब पूर्वांचल एवं बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्रों में भी निवेशकों का विश्वास बढ़ा है।अब उत्तर प्रदेश एक विकसित एवं सर्वोत्तम प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है।

कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग द्वारा विकास कार्यों की प्रगति के संदर्भ में जारी रैंकिंग में पिछले 3 माह से लगातार जनपद मऊ के प्रथम स्थान पर बने रहने पर खुशी व्यक्त करते हुए माननीय प्रभारी मंत्री जी ने जिला प्रशासन की भूरि भूरि प्रशंसा की। उन्होंने जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों की सराहना के साथ ही जनपद स्तर के अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों के फलस्वरुप जनपद की बेहतर छवि के लिए उन्हें बधाई भी दी। इसके अलावा उन्होंने शासन एवं प्रशासन के लिए मीडिया के सकारात्मक सहयोग की भी चर्चा करते हुए मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

इस दौरान माननीय प्रभारी मंत्री श्री अनिल राजभर जी के अलावा जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश पांडे, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रशांत नागर, नगर मजिस्ट्रेट श्री नीतीश कुमार सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री प्रवीण गुप्ता सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया से जुड़े मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# मोहम्मद माज ने 94.5 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का टॉपर बना

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। शहर के सिपाह के जामिया नगर में स्थित मदर आयशा चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों का वार्षिक परीक्षा फल वितरित किया गया।

जानकारी के अनुसार आज 25 मार्च को मदर आयशा चिल्ड्रेन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एलकेजी से लेकर कक्षा 9 और 11 तक के बच्चों का परीक्षाफल वितरित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मौलाना अनवर अहमद कासमी ने सभी कक्षाओं में प्रथम स्थान पाने वाले छात्रों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा 4 के छात्र मोहम्मद माज ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का टॉपर बना।माज के सफलता पर उसका उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह देकर उसे विद्यालय परिसर में सम्मानित किया। इस अवसर पर जामिया ग्रूप आफ इंस्टीट्यूशन के चेयरमैन मौलाना अनवार अहमद कासमी साथ में ग्रुप के उप चेयरमैन



डाक्टर अबु अकरम कासमी, संरक्षक नैयर इकबाल जमाली,
उप प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, अबु ओबैदा सर के साथ ही प्रधानाचार्य एम जमां खान, कार्यालय प्रभारी
मो आसिफ एवं व्यवस्था सहयोगी मिस हुस्न आरा सहित विद्यालय के तमाम अध्यापक एवं अध्यापिकाये सहित क्या लेके विद्यालय के सैकड़ों छात्र एवं छात्राये उपस्थित रहे।

# संस्कार भारती ने लगाया स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 10 लोगों ने किया रक्तदान

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

जौनपुर। संस्कार भारती जौनपुर द्वारा नगर के एक अस्पताल के ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया जहां तमाम पदाधिकारियों, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने भी रक्तदान किया। रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ब्लड बैंक की मेडिकल ऑफिसर डॉ० स्मिता श्रीवास्तव ने कहा की "रक्तदान महादान है।' एक यूनिट रक्त से 4 व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। समाज में जो भ्रांतियां हैं कि इससे व्यक्ति कमजोर हो जाता है, वह निरर्थक है, उसको दूर करना चाहिए। अधिक से अधिक लोगों को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। शिविर में कुल 10 व्यक्तियों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों ऋषि श्रीवास्तव, विष्णु गौड़, अजय




गुप्ता, राजेश किशोर, वैभव जायसवाल, अंकित यादव, ऋषि यादव, शैलेश जी, विकास यादव, रजनीश मौर्य प्रमुख रहे। इस अवसर पर संस्कार भारती काशी प्रांत महामंत्री सुजीत कुमार, जौनपुर इकाई की अध्यक्ष डा. ज्योति दास, सह कोषाध्यक्ष मनीष अस्थाना, महामंत्री अमित गुप्ता, संजय गुप्त आदि उपस्थित रहे। शिविर में ब्लड बैंक की सुपरवाइजर पूर्णिमा यादव, लैब टेक्नीशियन संतोष कुमार, अंजना मौर्य, आशीष प्रजापति का विशेष सहयोग रहा। अन्त में निर्मल श्रीवास्तव प्रबंधक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गांव की समस्या का समाधान गांव में ही हो : बीडीओ

**दिलीप जायसवाल, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

मुफ्तीगंज, जौनपुर। स्थानीय ब्लाक अंतर्गत ग्रामसभा शहाबुद्दीनपुर में चौपाल लगाकर सरकार के निदेर्शानुसार को पालन करते हुए खंड विकास अधिकारी मुफ्तीगंज रवि सिंह ने सहाबुद्दीनपुर में चौपाल लगाकर कहा कि गांव की समस्या गांव में ही समाधान होना चाहिए। श्री सिंह ने समस्त स्टाफ, आशा, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी को अवगत कराते हुए कहा कि गांवसभा में पेंसिल, आवास, स्मार्ट कार्ड, छूटे कार्य को जल्द से जल्द कराएं। गांवसभा की समस्या गांव में ही समाधान करें जिससे गांवसभा के लाभार्थियों को कहीं इधर-उधर भटकना न पड़े। लाभार्थियों को



उनकी सारी सुविधाएं मिले एवं उनकी सारी समस्याओं का हल गांव में ही हल हो। गांवसभा में आगनबाडी से लेकर आशा तक सभी कार्यकर्ता से खंड विकास अधिकारी ने कहा कि किसी के प्रति लापरवाही बरतने का शिकायत मिली तो उसके खिलाफ कार्यवाही भी हो सकती है। ऐसे में सभी स्टाफ ईमानदारी के साथ अपना काम करें। लोगों को तपती धूप में कोसों दूर ब्लॉक पर भटकना न पड़े। इसी क्रम में प्रधान प्रमोद यादव, पूर्व प्रधान दीपचंद राम, भाजपा के युवा नेता आलोक कुमार, साधना गिरी, वीडियो राम भरोस राजभर, ग्राम विकास अधिकारी आलोक मिश्रा सहित तमाम लोगों ने विकास खंड अधिकारी श्री सिंह के विचारों पर आभार व्यक्त किया।

# श्रीमद् भागवत महापुराण का भव्य आयोजन लोगो के दिलों मे उठी भक्ति की लहर

**अनुराग सिंह, दैनिक समाज जागरण**

कोपागंज, मऊ : अदरी नगर पंचायत के इंदारा स्टेशन रोड वार्ड चार के जन कल्याण श्री दुर्गा पूजा समिति मन्नत वाली माता मन्दिर के प्रागंण में चैत नवरात्र में शुक्रवार की शाम श्रीमद भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथा वाचक आचार्य अमित पाण्डेय ने कहा कि समस्याओं का हल संवाद से होता है, विवाद से नहीं। दुर्योधन ने विवाद का सहारा लिया, जबकि अर्जुन ने संवाद का। यही वजह रही कि अर्जुन के नेतृत्व वाले पांडव दल ने संख्या में कम होते हुए भी बुद्धि व विवेक के बल पर युद्ध जीता। श्रीमद्भागवत कथा में संगीतमय ढंग से श्री पाण्डेय ने महाभारत के हर प्रसंग का बड़े ही सारर्भित व प्रभावी ढंग से वर्णन करते हुए बताया कि जीवन में हार व जीत कब होती है। युद्ध ताकत के बल पर नहीं बुद्धि व विवेक के बल पर जीते जा सकते हैं। वर्तमान में मनुष्य मात्र के जीवन में जिस प्रकार के युद्ध मन में चल रहे हैं। उन्हें ईश्वर की भक्ति, मन व बुद्धि से ही जीतकर कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ा जा सकता है। आज व्यक्ति के जीवन तनाव से भरा है, यही वजह है कि वह विवाद करता है, संवाद नहीं है। संवाद की मनःस्थिति परिवार के बीच भी खत्म होती



जा रही है। आज परिवार के सभी सदस्य एक साथ बैठकर संवाद करना भूल ग रजए हैं, यही वजह है कि परिवार बिखर रहे हैं। इस दौरान बाल रूप लीला की सजीव झांकी को देख कर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान पदाधिकारी प्रबंधक भागवत गुप्ता, राजेश मद्धेशिया, बजरंगी लाल,प्रिन्स,पूर्व चेयरमैन राजकुमार जायसवाल, चन्दन गुप्ता, पूर्व सभासद सुरेश मद्धेशिया, दिलीप जायसवाल, रोशन मद्धेशिया, अनिल, रवि आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वामित्व योजना, रियल टाइम खतौनी अपडेशन, कोर्ट केस/ अवमानना वाद,फैमिली आईडी की प्रगति आदि के संबंध में बैठक संपन्न।

आज जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय पर स्वामित्व योजना, फैमिली आईडी बनने की प्रगति, रियल टाइम खतौनी अपडेशन, पारिवारिक न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों से प्राप्त आरसी वसूली की स्थिति, कोर्ट केस अवमानना/ वाद आदि के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।



फैमिली आईडी बनने की प्रगति की समीक्षा के दौरान विकासखंड रानीपुर एवं दोहरीघाट में ज्यादा मामले लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित उपजिलाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान तहसील सदर एवं मोहम्मदाबाद गोहना में ज्यादा गैप होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने त्रुटि रहित सर्वेक्षण कर समस्त गांवो के भूलेख सत्यापन की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने को कहा।रियल टाइम खतौनी अपडेशन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त रिकार्डो का मिलान करने तथा पूर्व में जारी आदेशों को खतौनी पर दर्ज करने के उपरांत ही रियल टाइम खतौनी को अपडेट करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान ही मोटर दुर्घटना क्लेम, पारिवारिक न्यायालय एवं अन्य न्यायालयों से प्राप्त आरसी वसूली कम होने पर उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि डॉ आंबेडकर उत्सव धाम योजना के तहत आदर्श ग्रामों में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए सबसे अच्छे स्कोर वाले 11 ग्रामों का चयन किया गया है, जिनमें तहसील घोसी से 6 सदर से 2 एवं मोहम्मदाबाद गोहना से 3 ग्रामों का चयन किया गया है। इस सामुदायिक भवन निर्माण हेतु कुल 500 वर्ग मीटर की जमीन की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने डॉ आंबेडकर उत्सव धाम योजना के तहत चयनित ग्रामों में 500 वर्ग मीटर की अतिक्रमण मुक्त सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित उप जिलाधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान कई नगर पंचायतों में सॉलिड वेस्ट प्लांट हेतु सरकारी जमीन की अनुपलब्धता पाए जाने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी को भूमि चिन्हित करते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एनजीटी के आदेश के अनुपालन की स्थिति तथा कोर्ट केस एवं अवमानना वादों की भी समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान समस्त उपजिलाधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# ट्रैक दोहरीकरण के दौरान बंद रही इंदारा रेलवे क्रासिंग

**अनुराग सिंह, दैनिक समाज जागरण**

कोपागंज, मऊ : वाराणसी-गोरखपुर रेल मार्ग पर स्थित इंदारा रेलवे स्टेशन क्रासिंग 4सी मऊ-मझवारा शहीद मार्ग शनिवार की सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक ब्लॉक अवधि में इंदारा स्थित क्रॉसिंग सड़क मार्ग पर वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दी गई। गेट बंद होने से राहगीरों को कई किमी का चक्कर लगाना पड़ा।

इंदारा-दोहरीघाट अमन परिवर्तन दोहरीकरण कार्य किया जा रहा है। इंदारा रेलवे स्टेशन स्थित 4सी व 5सी सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक सड़क मार्ग से आवागमन बाधित करने के लिए रेल विभाग ने जिला प्रशासन को सूचित करते हुए सहयोग मांगा था। जिस पर जिला प्रशासन ने शनिवार को क्रॉसिंग बंद होने के बाद रेलवे क्रॉसिंग से गुजरने वाले अलीनगर-मझवारा शहीद मार्ग पर आवागमन बंद करा दिया। कसारा व अदरी मेन सड़क पर दोनों डायवर्जन स्थल पर फोर्स तैनात करते हुए लोगों को मार्ग की जानकारी देते हुए परिवर्तित मार्ग से यात्रा करने का निर्देश दिया गया। सुबह 11 बजे से 5 बजे तक सुरक्षा नियमों के बीच दोहरीकरण ट्रैक बिछाया गया। क्रॉसिंग बंद होने से स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हुई तो बड़े वाहन के साथ अन्य वाहनों को करीब दस से 15 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर गंतव्य के लिए जाने को मजबूर होना पड़ा। सुरक्षा की दृष्टि से आरपीएफ चौकी प्रभारी इंदारा एचएन तिवारी और सिविल पुलिस मुस्तैद रही।



# शहीद दिवस पर हैवेन एकेडमी में वार्षिकोत्सव संग हुआ कवि सम्मेलन

लालगंज ,प्रतापगढ़।अमर शहीद भगत सिंह ,राजगुरु, सुखदेव के शहीद दिवस के अवसर पर हैवेन एकेडमी पूरे बसन्तराय रामपुर में प्रबन्धक देवेंद्र कुमार त्रिपाठी के अयोजकत्व में वार्षिकोत्सव एवं कवि सम्मेलन आयोजित किया गया ।कवि सम्मेलन में अमेठी से आये कवि अनिरुद्ध मिश्र ने भगत सिंह को नमन करते हुआ पढा कि दर्द जख्मों को दिल में छिपाते रहे। कर्ज माँ भारती का चुकाते रहे बाराबंकी से आये कवि मनोज शीत ने भगत सिंह की खानदानी पंरपरा पर छन्द पढ़ा देश भक्त सरदार जिसके हो चाचा पिता,

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांति पूर्ण बैठक संपन्न

लालगंज,सांगीपुर` स्थानीय ब्लाक सभागार में शनिवार को क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान, जिला पंचायत सदस्यों की बैठक शांति पूर्ण संपन्न हुई '

सुबह आठ बजे से ब्लाक के अंदर और बाहर, गेट पर दर्जनों पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सांगीपुर उदयपुर, थाना की महिला ,पुरुष के दर्जनों सिपाही तथा एक कम्पनी पी ए सी के जवान किसी भी अप्रिय घटनाओं न हो उस पर नजर बनाए रखी थी '

**ब्लाक सभागार में आयोजित बैठक लगभग 12 बजे शुरू हुई '**

शिक्षा विभाग, तथा बिजली विभाग के कोई भी अधिकारी व प्रतिनिधि के न आने से लोगो ने शोरसराबा के साथ आक्रोश व्यक्त किया ' उसके बाद स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक डाक्टर आनंद तिवारी ने प्रतिनिधियों को सरकार द्वारा पांच लाख का निःशुल्क दवा एवं उपचार आयुष्मान कार्ड के बारे में विस्तार



से जानकारियां दी '

सी डी पी ओ, से शिकायत करते हुए आंगनबाड़ी भवन, नही होने तथा जो है उनकी जर्जर स्थिति की बात कही ' स्वयं सहायक समूह के प्रतिनिधि ने लोगो को जानकारियां दी '

खंड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी ने ग्राम पंचायत की विकास को इमानदारी से तथा पात्रों को सरकार द्वारा दी जाने वाली अनेक सुविधा को पहुंचाने पर जोर दिया ' और कहा की सांगीपुर ब्लाक को लोग बदनाम ब्लाक की श्रेणी में जानकारी दे रहे थे ' किंतु जब से मैं आई हूं मुझे वैसा नहीं लगा ' सब ठीक है ' अंत में ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू ने कहा की कुछ लोगो की वजह से ब्लाक को धूमिल करने की कोशिश किया गया जिससे ग्राम सभाओं में विकास कम हुआ किंतु एक वर्ष में जहां भी विकास नहीं पहूंच पाया है वहां पहले विकास कराया जाएगा ' और अंत में ब्लाक सभागार में आए हुए समस्त प्रधान ,प्रतिनिधि, क्षेत्र पंचायत सदस्यों का आभार व्यक्त किया ' कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी भूपेंद्र तिवारी, अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी अपर्णा सैनी रही ' इस मौके पर, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अशोक धर दुबे, रिंकू सिंह परिहार, लल्लन सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष रोहित सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र सिंह, आदि मौजूद रहे '

# हिन्द मजदूर किसान पंचायत की ओर से गोवा सम्मेलन में दहाड़ेंगे राकेश मणि पांडेप

सुनील बाजपेई

60 वर्ष पूरी कर चुके लोगों को दी जाये न्यूनतम पेशन रू0 11500/, लागू हो एक व्यक्ति एक पेंशन सिद्धान्त न्यूनतम वेतन, नेशनल वेज पालिसी, एक समान पेंशन ,अनिवार्य पेंशन एवं शिक्षा के राष्ट्रीकरण पर चर्चा के साथ सम्मेलन में होगा सरकारी और सार्वजनिक उद्योगों के निजीकरण का विरोध, बनेगी रणनीति

कानपुर। हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए सभी प्रतिनिधि रवाना हो चुके हैं। हिन्द मजदूर किसान पंचायत यह राष्ट्रीय सम्मेलन आज 27 मार्च को गोवा में होना है। यह सभी 66 प्रतिनिधि झांसी होते हुए गोवा मडगांव पहुँच रहे हैं। हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि वर्तमान समय में मजदूरों का उत्पीड़न सरकार व निजी मालिको द्वारा गम्भीर स्थिति में हो रहा है। कानूनों का मालिकों द्वारा कोई पालन नहीं किया जाता और शिकायत के परिप्रेक्ष्य में कर्मचारियों की सेवायें समाप्त की जा रही हैं।

देश भर के मजदूरों के हित में अरसे से जुझारू संघर्ष कर रहे हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव व उत्तर प्रदेश महामंत्री राकेशमणि पाण्डेय ने आरोप लगाया कि हाल में बिजली कर्मचारियो जो अपने पूर्व में किये गये समझौते को लागू करने की मांग को लेकर अन्दोलनरत थे और समय से पूर्व सूचनाएं दी गयी थी, किन्तु सरकार ने जबदस्ती आन्दोलन को तुड़वाने का कार्य किया और आन्दोलन कारी कर्मचारियों का वेतन रोकने का कार्य किया।

अन्याय, अत्याचार और शोषण के शिकार मजदूरों और कर्मचारियों के हित में जुझारू संघर्ष के अगुवाकार राकेशमणि पाण्डेय ने आरोप लगाया कि सरकार एक तरफ सांसद, विधायक और राजनैतिक दलों के नेताओं की प्रतिपूर्ति के लिए कई तरह की पेंशन और कई-कई पेंशन दी जाती है और करोड़ो रूपया जनता का अपव्यय किया जाता है किन्तु एक मात्र पुरानी पेंशन बहाली की मांग को सरकार नहीं विचार करती है और न्यायालय भी कुछ नहीं करता है।

उन्होंने मांग की पूरे भारत वर्ष में सभी संगठित व असंगठित सेवानिवृत्ति या 60 वर्ष पूरी कर चुके सभी नागरिकों



को न्यूनतम पेशन रू0 11500/- दिया जाना सुनिश्चित हो और एक व्यक्ति एक पेंशन सिद्धान्त लागू हो। अनाप सनाप कटौती, फोन बिल, बिजली बिल, और दूसरे मद में हजारों हजार रू0 भत्ते के रूप में दिये जाते हैं, जो वापस किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि सांसदों को कार्य न किये जाने के दौरान दिया जाने वाला भत्ता भी रद्द किया जाना चाहिए। उन्होने मांग की पूरे देश में वी0आई0पी0 कल्चर समाप्त किया जाना चाहिए। क्योंकि सत्ता में बने रहने के लिए सरकार द्वारा प्रलोभन, आय से अधिक सम्पत्ति पर रोक और अन्य कार्यवाहियाँ जो होनी चाहिए नहीं करते हैं।

मजदूर नेता पांडेय ने यह भी आरोप लगाया कि सरकार जो कार्य स्वयं नहीं कर पाती वह एनजीओ के माध्यम से और स्वतः संज्ञान लेकर अदालतों के माध्यम से कर्मचारियों का उत्पीड़न करती है। उन्होंने बताया कि गोवा सम्मेलन में न्यूनतम वेतन, नेशनल वेज पालिसी, एक समान पेंशन और अनिवार्य पेंशन एवं शिक्षा का राष्ट्रीकरण आदि विषयों पर गहन रूप से चर्चा और पूरे देश में मजदूर आन्दोलन को नये सिरे से खड़ा करने के लिए कार्यवाही के साथ रेल, बिजली, सार्वजनिक उद्योगों रक्षा संस्थाओं बैंकों, रेल रोड़वेज अन्य सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्रों के निजी क्षेत्र में दिये जाने का पुरजोर विरोध किया जायेगा। इसके लिए सभी केन्द्रीय श्रम संगठनों को एक मंच पर लाने का प्रयास हिन्द मजदूर किसान पंचायत करेगी।

## सीआरपीएफ ने सालेटेकरी में लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर, ग्रामीणों ने उठाया लाभ

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(26मार्च )भारत सरकार की योजना के तहत, देश के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए जरूरतमंद और चिकित्सकीय रूप से असहाय लोगों के लिए सीआरपीएफ द्वारा ग्राम सालेटेकरी में 25 मार्च को मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित कर मुफ्त दवाई का वितरण किया गया जिसमे सर्दी, खांसी, बुखार, जोड़ का दर्द व मौसमी बीमारियों सहित लोगो की जाँच कर टेबलेट, मल्टी विटामिन सिरप व महिलाओं को सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया,सालेटेकरी मजगांव, अगरवाडा,रघोली व बहेराभाटा से आये सैकड़ो की संख्या में बच्चे वृद्ध व महिलाओं के लिए चाय नास्ता की भी व्यवस्था की गयी थी।सीआरपीएफ की 148वी बटालियन के उच्च अधिकारियो के मार्गदर्शन में यह निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि अमित मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी के द्वारा किया गया।गांव के स्थानीय लोगों की बीमारियों का निदान करने के लिए डॉ श्रवण कुमार सीआरपीएफ सीएमओ,स्थानीय चिकित्सक व नर्सो के सहयोग से यूनिट चिकित्सक द्वारा स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच कर



दवाइयां मुफ्त में वितरित की गईं।

कार्यक्रम में अमित मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी के द्वारा बताया गया कि गृह मंत्रालय व सीआरपीएफ बल के महानिदेशक के आदेशानुसार समय समय पर कम्पनी द्वारा जनता के हित को ध्यान में रखकर ऐसे कैम्प का आयोजन किया जाता हैं जिससे जनता और सीआरपीएफ के बीच अच्छा सम्बन्ध स्थापित हो जिसमे सीआरपीएफ की 148 वीं बटालियन कामयाब भी हो रही हैं जिसका सबूत आयोजन में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीण है।

सीआरपीएफ के इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में अमित मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी,डॉ श्रवण कुमार सीएमओ,निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार,सालेटेकरी पुलिस चौकी प्रभारी राजकुमार हिरकने,ग्राम सरपंच, सचिव व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। गांव के गणमान्य लोगों और स्थानीय लोगों ने इस चिकित्सा शिविर की प्रशंसा की और भविष्य में इस तरह के शिविरों का आयोजन करने का सीआरपीएफ से आग्रह किया जिसको सीआरपीएफ के अधिकारियो ने सहर्ष स्वीकार कर पुनः ऐसे आयोजन करने का आश्वासन दिया।

## ग्राम पंचायत मंडई में लाडली बहना शिविर का आयोजन

बालाघाट। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है इसी कड़ी में ग्राम मंडई में लाडली बहना योजना के तहत शिविर का आयोजन किया गया

जिसमें ग्राम पंचायत मंडई ग्राम पंचायत हरार्भाट एवं जगला ग्राम पंचायत की बहने शामिल होकर आवेदन किया।पात्र महिलाओं के ऑनलाइन आवेदन भरने का काम प्रारंभ हो चुके हैं आवेदन के साथ आय मूल निवास प्रमाण पत्र बैंक पासबुक बैंक खाता नंबर आदि देने की आवश्यकता नहीं है ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के लिए जिले के गांव एवं नगरीय क्षेत्रों की वार्ड में शिविर लगाए जाएंगे मार्च एवं अप्रैल माह में आवेदन भरे जाएंगे परीक्षण के बाद अंतिम सूची 1 मई 2023 को जारी की जाएंगी अंतिम सूची पर दावे आपत्तियां प्राप्त करने के लिए 15 मई तक की तिथि निर्धारित की गई है प्राप्त दावे आपत्तियों का निराकरण 16 से 30 मई 2023 तक किया जाएगा पात्र हितग्राहियों के अंतिम सूची 31 मई को जारी की जाएंगी और 10 जून 2023 से पात्र बहनों के खातों में एक ड्ढ1000 की राशि प्रारंभ होगा इस योजना में प्रतिमाह 10 तारीख को बहनों के खाते में राशि डाली जाएंगी।

मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिससे जिले की बहनो को



आर्थिक मदद मिल सकेगी अब बहने भी अपना शौक अपने पैसे से कर सकती हैं।

उक्त शिविर में अनुसूचित जनजाति जिला महामंत्री श्रीमती कल्पना मर्सकोले पहुँचकर बहनो का मार्गदर्शन किया।उन्होंने बताया कि शिविर लगाकर लाडली बहना को लाभ दिलाने का प्रयास जारी है और आगे भी ऐसे ही शासन की अनेकों प्रकार की योजनाओं से जनता को लाभान्वित करने का मैं पुरा प्रयास करूंगी।

कल्पना मर्सकोले के द्वारा बैहर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर जनता के दुःख तकलीफ को समझ कर हल हल करने का प्रयास निरंतर जारी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सरपंच परमान्द्र पन्द्रे सचिव योगेश शर्मा समाजसेवी शंकर ठाकरे सोना सूर्यवंशी हरार्भाट सरपंच लक्ष्मी धुर्वे बाबूलाल ठाकरे समाजसेवी जगला सरपंच राम प्रसाद धुर्वे एवं समस्त पंचगण व भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अतिनक्सल प्रभावित मछुरदा में सीआरपीएफ ने लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(26मार्च )भारत सरकार की योजना के तहत, देश के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए जरूरतमंद और चिकित्सकीय रूप से असहाय लोगों के लिए सीआरपीएफ द्वारा अतिनक्सल प्रभावित मछुरदा ग्राम में मुफ्त चिकित्सा शिविर आयोजित कर मुफ्त दवाई का वितरण किया गया जिसमे सर्दी, खांसी, बुखार, जोड़ का दर्द व मौसमी बीमारियों सहित लोगो की जाँच कर टेबलेट, मल्टी विटामिन सिरप व महिलाओं को सेनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया गया, कोरका, गठिया, धर्मशाला, मातला, मछुरदा, कोमो, रंजना,मठारी से आये सैकड़ो की संख्या में बच्चे वृद्ध व महिलाओं के लिए चाय नास्ता की भी व्यवस्था की गयी थी।सीआरपीएफ की 148वी बटालियन के उच्च अधिकारियो के मार्गदर्शन में यह निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि अमित मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी के द्वारा किया गया।गांव के स्थानीय लोगों की बीमारियों का निदान करने के लिए डॉ श्रवण कुमार सीएमओ,स्थानीय चिकित्सक व नर्सो के सहयोग से यूनिट चिकित्सक द्वारा स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई और दवाइयां मुफ्त में वितरित की गईं।

कार्यक्रम में अमित मिश्रा द्वितीय



कमान अधिकारी के द्वारा बताया गया कि गृह मंत्रालय व सीआरपीएफ बल के महानिदेशक के आदेशानुसार समय समय पर कम्पनी द्वारा जनता के हित को ध्यान में रखकर ऐसे कैम्प का आयोजन किया जाता हैं जिससे जनता और सीआरपीएफ के बीच अच्छा सम्बन्ध स्थापित हो जिसमे सीआरपीएफ की 148 वीं बटालियन कामयाब भी हो रही हैं जिसका सबूत आयोजन में सैकड़ो की संख्या में पहुंचे ग्रामीण है।

सीआरपीएफ के इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में अमित मिश्रा द्वितीय कमान अधिकारी,डॉ श्रवण कुमार सीएमओ,गौतम दास सहायक कमान अधिकारी,निरीक्षक नरेन्द्र सिंह,अजय कुमार पी व मछुरदा में तैनात सीआरपीएफ के समस्त स्टाप सहित ग्राम सरपंच, सचिव, मछुरदा के शिक्षक व शिक्षिकायें व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। गांव के गणमान्य लोगों और स्थानीय लोगों ने इस चिकित्सा शिविर की प्रशंसा की और भविष्य में इस तरह के शिविरों का आयोजन करने का सीआरपीएफ से आग्रह किया जिसको सीआरपीएफ के अधिकारियो ने सहर्ष स्वीकार कर पुनः ऐसे आयोजन करने का आश्वासन दिया।

## करंट बिछाकर शिकार करने वाले आरोपियों का मुख्य सरगना गिरफ्तार, 6 आरोपी फरार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(26मार्च )लांजी किरनापुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पीपलगांव कला से लगे जंगल कोचेवाही कक्ष क्रमांक 249 में शिकारियों ने करंट बिछाकर शिकार करने का प्लान बनाया था। 19 मार्च की रात शिकार करने का प्रयास करने वाले आरोपियों की योजना को विफल करने वाली वन विभाग की टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि 6 आरोपी फरार है।

वनविभाग की टीम ने मौका स्थल से शिकार में प्रयुक्त किए जाने वाले भारी मात्रा में जीआई तार, 45 नग बांस की खूंटिया, 97 नग कांच की शीशी, चीतल के दो नग सींग सहित आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से एक बंदूक भी बरामद की गयी। वहीं मामले की विस्तृत जांच के लिए उप वनमंडल अधिकारी और वन मंडल अधिकारी के निर्देशन में एक टीम गठित की गई।

फरार आरोपी की तलाश जारी

अगले दिन डॉग स्क्वायड और मुखबिर की मदद से पीपलगांव कला निवासी मुख्य आरोपी तुलसीराम पिता शेषराम आवरिया के घर तक पहुंची। उसके घर की खोजबीन की गयी जहां वन विभाग के अमले को एक बंदूक भी मिली। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर उस पर वन्य प्राणी (संरक्षण) अधिनियम 1972 की



धारा 2(16), 9, 39, 50, 51, 52 के तहत मामला दर्ज किया गया। फरार आरोपियों में श्रीराम पिता गुलाबचंद, कृष्णकुमार पिता सोमसिंह, बकाराम पिता फेरू, फुलेश्वर पिता सालिकराम, हेमेंद्र पिता काशीराम के नाम शामिल है। जिनकी तलाश की जा रही है।

बंदूक और चीतल का सींग बरामद

करंट बिछाकर शिकार करने की आरोपियों की मंसूबों को विफल कर जब टीम, डॉग स्काट की मदद से मुख्य आरोपी के घर पहुंची तो वहां उन्हें एक बंदूक और इलेक्ट्रिक वायर और चीतल के सींग भी मिले है।

आदतन अपराधी है आरोपी

वन परिक्षेत्र अधिकारी नेहा घोड़ेश्वर ने बताया कि वनविभाग ने पकड़ाया आरोपी तुलसीराम आवरिया ही इस पूरे घटनाक्रम का मुख्य आरोपी है तथा यह आदतन आरोपी है। इसके पूर्व भी इस व्यक्ति के ऊपर जंगली सुअर के शिकार का मामला किरनापुर में दर्ज है और लांजी में भी इस पर एक अपराध दर्ज है।

घोडेश्वर ने बताया कि 19 मार्च की रात में हमे सूचना मिली थी की पीपलगांव से लगे जंगल में कुछ लोगों ने शिकार के प्रयास में है। इसके आधार पर हमने मौका स्थल पर पहुंचकर शिकार के लिए लाया गया सामान जब्त किया गया। इस पूरी कार्रवाई में श्यामलाल चिचले उपपरिक्षेत्र अधिकारी, वनपाल इंदिरा गर्ग, संजय विश्वकर्मा, रविंद्र सोनवाने, संतोष गंजाम और वनरक्षक विशाल आसटकर, मयूर शांडिल्य, अमरदीप गजभिए, अमरनाथ नंदा, राम सिंह, संजय दुरुगकर, बुद्धवर्धन, संगीता ककोटे, विभूति नाथ झा, कुलदीप मंडले, नरेंद्र धुर्वे का सराहनीय योगदान रहा।

## नगर पंचायत मल्हार में काव्य गोष्ठी का हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रि के पूर्व संध्या पर हुआ आयोजन

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

मल्हार। हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्रि के पूर्व संध्या प्र.प्रधान पाठक अवधेश कुमार नापित के निवास में काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश पांडे ने की, काव्य गोष्ठी में प्रधान पाठक एवं साहित्यकार रेडियो वातार्कार शेष नारायण गुप्ता, साहित्यकार एडवोकेट राज किशोर पांडे पत्रकार संजीव पांडे, दीपक जायसवाल, योगाचार्य दिलीप पांडे, रिटायर्ड एवं महामहिम राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षक अकतराम सिन्हा, डॉ हर्ष देव नापित, करुणेश कुमार नापित, रेवती रमण नापित की उपस्थिति रही। गोष्ठी का संचालन कवि साहित्यकार एवं महामहिम राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षक दिनेश पांडे ने करते हुए अपनी प्रस्तुति दी

नवा बछर आगे, नवा बछर आगे मन मा खुशी हर नस-नस मा समागे, रे भाई नवा बछर आगे

गौरैया दिवस (20 मार्च) पर लिखी छत्तीसगढ़ी रचना की प्रस्तुति दीपक ने की खोजौगा भाई, खोजौगा मितान, कहां उड़ागे गौरैया ह किसान। रेवती रमण ने अपने क्षणिकाओ से खूब वाहवाही बटोरी। जब से मुझे याद है तब से लेकर आज तक, पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण को बढ़ते देखा है, पहले लोग कुछ हद तक गिरते थे, अब कुछ ज्यादा गिरते हैं। (एडवोकेट)



राज किशोर पांडे की गजल

हसीन ख्वाबों की तस्वीर बनाने आवो कभी रूठे हुए अपनों को मनाने आवो

इसी कड़ी में डॉ हर्ष की प्रस्तुति - मां शांभवी के पर्व से करे शंखनाद नव वर्ष का सृजन का शब्द प्रथम अंकार है साहित्य है। करुणेश नापित ने शराबियो पर तंज कसते हुए पेश की लाइने इस प्रकार है -शराब के नशे में पहुंच जाता था टेकता था मत्था, लुढ़क जाता था। इसी तरह संजीव पांडे, ए.के. सिन्हा दिलीप पांडे एवं शेष नारायण ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब हंसाया। गोष्ठी की शुरूआत डॉ हर्ष ने रेवती रमण के साथ सभी कवियों को चंदन लगाकर पुष्प भेंट कर किया एवं मां सरस्वती के सामूहिक वंदना की गई ओम प्रकाश पांडे ने सभी को नव संवत्सर की बधाई एवं शुभकामनाएं देने हुए आह्वान किया कि अगले माह की तैयारी अभी से शुरू कर दें।

## करंट की चपेट में आकर चीतल एवं भालू की मौत मामले में पांच आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(26मार्च )बैहर वन परिक्षेत्र अंतर्गत करंट से दो चीतल और भालू का शिकार करने के मामले में पांच आरोपियों को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्होंने चीतल के शिकार के लिए करंट बिछाया था। इसमें भालू के भी चपेट में आने से मौत हो गयी थी।

गौरतलब है कि 24 मार्च शुक्रवार को वन परिक्षेत्र पश्चिम बैहर के बघोली बीट कक्ष 1447 के ग्राम ठेमा से लगे ग्राम खुदुरगांव के जंगल में दो नर चीतल सहित एक भालू मृत हालत में मिला था। मृत मिले चीतलों की उम्र 11 और 12 वर्ष और नर भालू की उम्र 12 वर्ष थी। घटना की जानकारी के बाद पहुंची वन विभाग की टीम को घटनास्थल के आसपास बारिकी से जांच करने पर जीआई तार और बांस की खूटियां मिली। इससे साफ था कि वन्यप्राणियों का शिकार, बिजली करंट से किया गया है। इसके बाद वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गई। जिसमें घटनास्थल को सूंघने के बाद डॉग, कुछ घरों तक पहुंचा। इसके बाद वन विभाग की टीम ने संदेहियों के आधार पर पूछताछ की तो मामले में पांच आरोपी सामने आए।

इन आरोपियों को किया गिरफ्तार



इसके बाद वन विभाग की टीम ने पांच आरोपी खुदुरगांव निवासी 52 वर्षीय हरेसिंह पिता गोकुल, 32 वर्षीय कमलेश पिता लोकराम मानेश्वर, 35 वर्षीय उमेश पिता पतन सिंह तिलगाम, 33 वर्षीय रोशनलाल पिता काशीराम और भादा निवासी 29 वर्षीय अजय पिता जगदीश सिंह वाडिवा को गिरफ्तार किया है। जिन्हें वनविभाग की टीम ने वन अपराध में विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भिजवा दिया गया है। इस मामले में बैहर एसडीओ राकेश शाक्यवार ने बताया कि बघोली बीट में खुदुरगांव के जंगल के पास बिजली करंट लगाकर चीतल और भालू का शिकार करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जिन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भिजवा दिया है।

पीएम के बाद करवाया अंतिम संस्कार बताया जाता है कि आरोपियों ने 11 केवी लाइन से तार को कनेक्ट कर बिजली का करंट बिछाया था। इसके संपर्क में आने से दो चीतल सहित एक भालू की मौत हो गई। इसका पता दूसरे दिन महुआ बीनने जाने वाले लोगों के पैर में लगे तार से चला। जिन्होंने देखा कि पास ही दो चीतल और एक भालू मृत हालत में पड़ा है। इसके बाद विभागीय अधिकारियों के साथ परिक्षेत्र अमला भी घटनास्थल पहुंचा। जहां से मृत दोनों चीतल और भालू के शव को बरामद कर नियमानुसार पोस्टमार्टम करवाकर शव का अंतिम संस्कार किया है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कमी से लोग परेशान, वजह 60कि.मी.दूर तय कर के इलाज के लिए जाते है ग्रामीण

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी ब्लाक के ग्राम पंचायत पचपेड़ी क्षेत्र के दुरुस्त ग्रामों का केंद्र बिंदु हैं ग्राम पचपेड़ी अंतर्गत जिसमें आने वाले कुल 84 ग्राम पंचायत शामिल हैं जिसके अंतर्गत 6 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 24 उप स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं जिसकी कुल जनसंख्या वर्तमान आंकड़ों के हिसाब से लगभग 151617 के आसपास है जो कि



2011 के जनगणना के अनुसार अंकित हैं ग्राम पचपेड़ी पूर्ण समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग पचपेड़ी परी क्षेत्रवासी काफी लंबे समय से करते आ रहे हैं भौगोलिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो शासन के सभी नियम पात्रताओं में पचपेड़ी पूर्ण है। वर्तमान समय मे अंतिम पन्ति में आने वाले गांवो की दूरी लगभग 60से 70 किलो मीटर दुरी तय कर ग्रामीण इलाज के दूर -भटकना पड़ता हैं जिससे ग्रमीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में गंभीर बीमारियों के अस्वस्थ होते हुए भी काफी तकलीफ उठाकर शहरो के अस्पतालो कि ओर मजबूरी वश जाना पड़ता हैं अतः प्रशासन के सुलभ स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रत्येक अंतिम पन्ति के ग्रमीण जोनों को अपने नजदीकी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से समस्त स्वास्थ सुविधाओं का लाभ मिलेगा समस्त पचपेड़ी परिक्षेत्र वाशिवो की काफी लम्बे समय से यह मांग है।अति पिछड़ा बाहुल्य होना पड़ रहा है। जिसे ध्यान में रखते हुए पूरे क्षेत्र का सर्व सुविधा स्वास्थ सेवा मिल सके अतः जल्द से जल्द पचपेड़ी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की मांग शासन -प्रशासन से क्षेत्रवासियों द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री निवास जाकर व कलेक्टर बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा था अभी तक मांग पूरा नहीं हो रहा है

## मल्हार जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में बनाया जा रहा दक्ष

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। जिले के नवोदय विद्यालय के छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विज्ञान ज्योति कार्यक्रम के द्वारा दक्ष बनाया जा रहा है इस योजना से प्रति वर्ष कक्षा नौवीं से बारहवीं के 50 50 छात्राओं की इस विद्यालयों से चयन होता है उनके



हौसला बढ़ाने के लिए और उन्हें विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने प्रयोग करने के लिए साइंस किट भी दी जाती है प्रभारी प्राचार्य पी आर संकरी ने बताया कि 12 वी की छात्राओं को एक वर्ष के लिए बारह हजार रुपए की स्कॉलरशिप के रूप में दी जाती है इसके अलावा इन्हें जेईई एवं नेट की तैयारी के लिए एलन एंव आकाश स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया जाता है इसके कोचिंग भी दी जाती हैं समय-समय पर नालेज पार्टनर बिलासपुर के गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के द्वारा स्पेशल टॉपिक पर लेक्चर तथा कैरियर काऊशलिंग कराई जाती है इससे इनका ज्ञान बढ़ता है छात्राओं को साइंस लैब जूलोजी, रसायन, भौतिक, बॉटनी, रूरल टेक, फॉरेस्टिंग, गुरुघासीदास विश्विद्यालय छात्राओ को ले जाकर भ्रमण कराया है वही स्कूल की प्राचार्य ने कहा कि जीव विज्ञान के शिक्षिका सुनीता देवी के नेतृत्व में 2021 से लगातार क्षेत्र में प्रयास किया जा रहा है इससे छात्राओं को साइंस टेक्नोलॉजी एंव इंजीनियरिंग के प्रति रुझान बड़ा है जेएनवी के छात्रों को हर तरह की शिक्षा दी जाती है इससे इनका ज्ञान बढ़ता है वही कैंपस में भी चयन होता है इसकी तैयारी गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. एल वी के एस भास्कर, डॉ. जय सिंह, डॉ. सुभाष बनर्जी एवं विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा पढ़ाई जाती है साथ ही नवोदय की छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रहे हैं।

## ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप में क्षेत्र के बच्चे दिखाएंगे जौहर,,राजस्थान कोटा के लिए कल होंगे रवाना

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख, ओम गोस्वामी**

सीपत। ताइक्वांडो नेशनल चैंपियनशिप राजस्थान कोटा में होने जा रहे हैं 26 मार्च से लेकर 31 मार्च तक जिसमें बिलासपुर के डिफेंस ताइक्वांडो क्लब के बच्चे दिखाएंगे जौहर ।इसमें 7 बच्चे का हुआ सलेक्शन डिफेंस ताइक्वांडो क्लब मोपका बिलासपुर से कल शाम को ट्रेन से राजस्थान के लिए रवाना होगी ' टीम कोच सूर्या चंद्राकर के साथ इस अवसर में छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ के महासचिव रामपुरी गोस्वामी ने दिया बधाई नेशनल रेफरी



प्रदीप कुमार यादव ने दिया संचालकों सूर्य प्रकाश चंद्राकर ने बधाई दी है' प्लेयर मिस्टी नागेश प्रचित्ति छतरी ,श्रेयांश रत्नाकर ,साहिल प्रकाश ,भावेश प्रकाश,अंश वर्मा,आरुष सिन्हा सभी को जीत के आने के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं दी है

## जोर जुल्म की टक्कर में संघर्ष हमारा नारा है : डॉ प्रेमचंद जायसी

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर। मस्तुरी विधानसभा के हृदय स्थल दरीर्घाट राष्ट्रीय राजमार्ग तिराहे



में कांग्रेस जनों ने राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी की लोकसभा के सदस्यता रद्द करने के विरोध में चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। राहुल गांधी की लोकसभा सांसद के रूप में सदस्यता रद्द करना केंद्र सरकार के घोर तानाशाही रवैया को दशार्ता है। विपक्ष और देश की आवाज को दबाना ही केंद्र में बैठी सरकार का एकमात्र लक्ष्य रह गया है। मगर सच्चाई की आवाज को इतनी आसानी से नही दबाया जा सकता तानाशाह मुदार्बाद! लोकतंत्र जिंदाबाद!